वर्ष: 14 - अंक : 170, मुंबई, सोमवार, 2 सितंबर, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# राज ठाकरे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

## 16 साल पुराने मामले में कोर्ट में पेश होने का आदेश



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे के खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी (गैर-जमानती) वारंट जारी हुआ है। यह वारंट निलंगा द्वितीय प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 16 साल पुराने एक मामले में जारी किया है। एक आंदोलन के दौरान निगम की बसों में तोड़फोड़ और आगजनी के इस मामले में राज को शुक्रवार (6 सितंबर) को निलंगा कोर्ट में पेश होना होगा। वर्ष 2008 में निलंगा के मनसे कार्यकर्ताओं ने उदगीर मोड पर निगम की एक बस में आग लगा दी थी। इस संबंध में निलंगा थाने में आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसमें राज ठाकरे भी शामिल थे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# एमवीए-महायुति में आंदोलन वार!

## 'जूते मारो' बनाम 'निषेध मोर्चा', बीजेपी का राज्यव्यापी प्रदर्शन







**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा महज आठ महीने में ढह गई। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस प्रतिमा का अनावरण किया था। इस बाद को विपक्ष मुद्दा बनाकर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहा है। पीएम मोदी द्वारा माफी मांगने के बावजूद रविवार को विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी ने मुंबई में जूते मारो आंदोलन किया। तो वहीं बीजेपी ने आंदोलन का जवाब आंदोलन से दिया। एमवीए बीजेपी के आंदोलन वार में बीजेपी ने प्रधानमंत्री के माफी मांगे जाने की बात आगे करते हुए विपक्ष के आंदोलन की आलोचना की और आंदोलन करके निषेध व्यक्त किया।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### सवाल से उद्धव ने दिया जवाब

बीजेपी के सवाल का जवाब सवाल देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि मोदी किस बात के लिए माफी मांग रहे थे? मूर्ति ढहने के लिए या मूर्ति स्थापना के दौरान हुए भ्रष्टाचार के लिए, या फिर भ्रष्ट अधिकारियों पर पर्दा डालने के लिए मांगी? मोदी हमें गर्व था। खुशी है कि नौसेना दिवस महाराष्ट्र के तट पर हो रहा है। तब जल्दबाजी में प्रतिमा स्थापित करने की जरूरत नहीं थी। चुनाव के दौरान मोदी कह रहे थे कि मोदी गारंटी है।

# बुजुर्ग की पिटाई, वीडियो हुआ वायरल

## 2 आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** चलती ट्रेन में गोमांस ले जाने के संदेह में एक बुजुर्ग व्यक्ति पर उसके सहयात्रियों ने कथित तौर पर पिटाई की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर अब खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक दर्जन लोग ट्रेन के अंदर एक व्यक्ति पर हमला कर रहे है और उसे गालियां दे रहे है। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद जीआरपी ने इस मामले की जांच शुरू कर दी थी। बुजुर्ग का बयान दर्ज करने के बाद इस मामले में ठाणे जीआरपी ने 2 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की है, और उन्हें हिरासत में भी ले लिया है। पुलिस ने बताया की यह घटना धुले एक्सप्रेस ट्रेन में हुई थी, जब जलगांव जिले के निवासी हाजी अशरफ अली सैयद हुसैन अपनी बेटी के घर कल्याण जा रहे थे।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# महाराष्ट्र में अंगूर की फसल को मिला कृषि उपज का दर्जा

## *किसानों को मिलेंगे कई फायदे, कई सवालों और समस्याओं की समीक्षा की गई*

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** नासिक और आसपास क्षेत्र के अंगूर उत्पादक किसानों के लिए शनिवार को बड़ी राहत की खबर आई। महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने अंगूर को कृषि उत्पाद का दर्जा देने का निर्णय लिया है। यह निर्णय अंगूर की फसल को कृषि उपज का दर्जा, बीमा सुरक्षा, मुआवजा और सब्सिडी देने से संबंधित मंत्रालय में उप मुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक में लिया गया। महाराष्ट्र में अंगूर उत्पादकों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रालय में एक बैठक आयोजित की गई।



### सब्सिटी भी मिलेगी

इस संबंध में नाबार्ड एवं अन्य संबंधित एजेंसियों की बैठक आयोजित कर किशमिश को कृषि उपज का दर्जा देने का निर्णय लिया जाना चाहिए। इस फैसले के बाद कृषि वस्तु के रूप में किशमिश को जीएसटी से छूट, बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, प्राकृतिक आपदा से नुकसान की स्थिति में मुआवजा, कृषि वस्तु के रूप में विभिन्न संस्थाओं से सब्सिडी का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। अजित पवार ने वरिष्ठ अधिकारियों को कृषि वस्तुओं की सूची में करंट को शामिल करने की प्रक्रिया तुरंत पूरा करने का निर्देश दिया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### इक्कीसवीं सदी का फ्लॉप भारत शो

**कोई दो राय नहीं है कि पेरिस ओलम्पिक की तैयारी पर सरकार ने खूब पैसा बहाया, लेकिन जिनसे उम्मीद थी वे कसौटी पर खरे नहीं उतर पाए। हालांकि सरकार और उसके महकमे श्रेष्ठ प्रदर्शन का दम भर रहे हैं लेकिन डॉ. बत्रा के विश्लेषण से यह तो साफ हो गया है कि सरकार झूठी अकड़ दिखा रही है। इसलिए क्योंकि ओलंपिक आयोजन का दावा ठोकना है।**

इक्कीसवीं सदी के पेरिस ओलम्पिक गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन कैसा रहा, इस बारे में यदि भारत सरकार, खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) से पूछेंगे तो हर एक का जवाब होगा –शानदार, यह भी सुनने–पढ़ने को मिलेगा कि भारतीय खेल तरक्की कर रहे हैं। अर्थात बिना स्वर्ण पदक के छह पदक जीतने वाला और पदक तालिका में 71वां स्थान पाने वाला दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश पेरिस ओलम्पिक में कसौटी पर खरा उतरा। लेकिन जब इस बारे में देश के खेल जानकारों और निष्पक्ष राय रखने वालों से पूछा जाए, तो अधिकतर को लगता है कि भारतीय खेल और खिलाड़ी उम्मीद के आस–पास भी नहीं पहुंच पाए। इस बारे में भारतीय ओलम्पिक संघ के पूर्व अध्यक्ष, हॉकी इंडिया और अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष रहे डॉ. नरेंद्र ध्रुव बत्रा ने पिछले छह ओलम्पिक में जीते पदकों के आधार पर यह समझाने का प्रयास किया है कि कैसे 21वीं सदी के छठे ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक में भारतीय प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उनके अनुसार 2004 के एथेंस ओलम्पिक में भारत ने मात्र रजत पदक जीता था और पदक तालिका में 65वां स्थान प्राप्त हुआ। 2008 के बीजिंग खेलों में अभिनव बिंद्रा के स्वर्ण और दो कांस्य पदकों से पदक तालिका में 50वां स्थान मिला। चार साल बाद लंदन खेलों में दो रजत और चार कांस्य जीतकर तालिका में 55वें स्थान पर रहे। 2016 के रियो गेम्स में एक रजत और एक कांसे के साथ 67वां स्थान और टोक्यो गेम्स 2020 में सर्वकालीन श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज चोपड़ा ने स्वर्णिम प्रदर्शन जीता और कुल सात पदक जीतकर सर्वकालीन श्रेष्ठ रिकॉर्ड के साथ पदक तालिका में 48वें स्थान पर जा चढ़े। पेरिस ओलम्पिक 2024 में भले ही छह पदक जीत पाए पर बिना स्वर्ण के 71वें स्थान पर लुढ़क गए, जो कि 21वीं सदी का सबसे शर्मनाक प्रदर्शन कहा जाएगा। डॉ. बत्रा ने अपने विश्लेषण में यह भी समझाने का प्रयास किया है कि कुल प्रदर्शन और पदक तालिका में गिरावट के कारणों में खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, भारतीय ओलम्पिक संघ, खेल फेडरेशनों, विभिन्न एनजीओ और बिजनेस घरानों का दखल, मिशन ओलम्पिक अभियान की त्रुटियां और अन्य जिम्मेदार विभागों का गैर जिम्मेदारी रवैया बड़े कारण रहे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पेरिस ओलंपिक की तैयारी पर सरकार ने खूब पैसा बहाया, लेकिन जिनसे उम्मीद थी वे कसौटी पर खरे नहीं उतर पाए। हालांकि सरकार और उसके महकमे श्रेष्ठ प्रदर्शन का दम भर रहे हैं लेकिन डॉ. बत्रा के विश्लेषण से यह तो साफ हो गया है कि सरकार झूठी अकड़ दिखा रही है। इसलिए क्योंकि ओलंपिक आयोजन का दावा ठोकना है।

# पुलिस प्रशिक्षण केंद्र तुर्ची में दीक्षांत समारोह सम्पन्न

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सांगली।** सांगली जिला के तहसील तासगांव के पुलिस प्रशिक्षण केंद्र तुर्ची तासगांव जिला सांगली सत्र क्रमांक 9 के 609 प्रशिक्षु पुलिस अमलदारों का दीक्षांत समारोह दिनांक 30/08/2ड24 को पुलिस प्रशिक्षण केंद्र कवाया मैदान मैं सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मा। श्री राजकुमार व्हाटकर (म।पो।स।) अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एवं विशेष दस्ता महाराष्ट्र राज्य मुंबई ने सलामी स्वीकार की। दीक्षांत समारोह के परेड कमांडर नवनियुक्त प्रशिक्षु पुलिस आयुक्त 13 प्रसाद तानाजी माने थे।



पुलिस प्रशिक्षण केंद्र प्रशिक्षुओं का सत्र 09 से 24/02/2024 को शुरू किया गया था, जिसमें से 609 प्रशिक्षु पुलिस बल में शामिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, प्रशिक्षु ये मुंबई शहर, सातारा, सांगली, कोल्हापुर, सिंदुदुर्ग, रत्नागिरी, पुणे लोहमार्ग, लातूर, सोलापुर शहर, सोलापुर ग्रामीण ठाणे शहर घाटका में हुआ था और प्रशिक्षण काल आयोजित किया गया था यह प्रशिक्षण सत्र 6 माह का था। इस काल अवधि में अलग अलग फौजदारी कायदा, कायदा और सुव्यवस्था, विज्ञान एवं तंत्रज्ञान, पुलिस प्रशिक्षण साथ ही भावनिक जैसे अन्य विषयों का गहरा ज्ञान दिया गया, साथ ही बाह्य प्रशिक्षण वर्ग परेड, पुलिस आधुनिक हथियार प्रशिक्षण, फायरिंग अभ्यास, कमांडो प्रशिक्षण, योग प्रशिक्षण आदि की जानकारी दी गयी है। इस समय मा. श्री धीरज पाटिल (प्राचार्य पुलिस ट्रेनिंग सेंटर तुर्ची तहसील तासगांव) ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सेवा की शपथ दिलाई, साथ ही प्रशिक्षण केंद्र का अहवल बहीखाता प्रशिक्षु और केंद्र से जुड़े की जानकारीश्री राजकुमार व्हाटकर (म.पो.स.) अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एवं विशेष दस्ता महाराष्ट्र राज्य मुंबई ने पड़कर सुनाई, श्री राजकुमार व्हाटकर (म.पो.स.) अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एवं विशेष दस्ता महाराष्ट्र राज्य मुंबई ने प्रशिक्षु को अपने कर्त्तव्य और अपने पद की जवाबदारी के लिए उस वक्त मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम के लिए विधायक मा. सुमंताई पाटील, मा. संदीप घुगे (म.पो.स.) पुलिस अधीक्षक सांगली जिला, जिला परिषद सदस्य मा। संजय पाटील, राजश्री पाटील, उप प्राचार्य सुजय घाटगे, श्रीकृष्ण हरूगेड सत्र समन्वयक, तुर्चि ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, आमंत्रित मान्यवर उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ कीओर से मधुबनी जिला से हजारों की संख्या में राज्य भवन मार्च में भाग लेने का तैयारी जारी

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** राजद किसान प्रकोष्ठ की ओर से 2/ 09/2024 सितंबर को पटना में आयोजित राजभवन मार्च कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर शनिवार को जिला राजद कार्यालय में किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजितनाथ यादव, जिला प्रवक्ता इंद्रजीत राय, राजद नेता सुरेंद्र कुमार चौधरी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। की मधुबनी जिला से हजारों की संख्या में राज भवन मार्च में भाग लेने का तैयारी किया जा रहा है जिलाध्यक्ष अजीतनाथ यादव ने किसानों के 14 सूत्री मांगों को




लेकर राजभवन मार्च की तैयारी को लेकर किसान प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को भारी संख्या में पटना चलने का आह्वाहन किया। साथ ही कहा की बिहार के लगभग 76 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। केन्द्र एवं राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण बिहार में खेती किसानी से जुड़े लोग बदहाल है' और दिन प्रतिदिन आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहे है। बिहार में सुनियोजित साजिश के तहत कृषि मंडी कानून को खत्म किया गया, जिसकी वजह से किसानों को उनके उत्पादों का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है और ना ही पदार्थों का सही मूल्य का निर्धारण हो पा रहा है राज्य एवं केन्द्र की एनडीए सरकार की इन दोहरी नीतियों के कारण बिहार का किसान बदहाल है। कृषि क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के द्वारा लगातार देश के भितर अतिक्रमण किया जा रहा है। खास तौर से बीज और रासायन उद्योग में हानिकारक तकनीकि को केन्द्र सरकार के सहयोग से बेचने का कार्य हो रहा है जिसका प्रतिरोध होना चाहिए।

# घोघरडीहा प्रखंड के सखुआ कब्रिस्तान पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** मधुबनी जिला अंतर्गत प्रखंड घोंधरडीहा निवासी महबूब आलम, गुफरान अहमद ,मोहम्मद कलाम ने संयुक्त आवेदन जिला पदाधिकारी मधुबनी को दिया है जिसमें यह बात बताया है की मौजा भपटियाही, गांव सखुआ कब्रिस्तान जिसका खेसरा नंबर 293 ,438 को अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया जा रहा है और कुछ भाग पर कन्या विद्यालय बनाने को लेकर सीमांकन किया जा रहा है जिसको लेकर उस इलाके में दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है ग्रामीणों ने इससे पहले भी अंचल पदाधिकारी घोघरडीहा व अनुमंडल पदाधिकारी फुलपरास से इस बात की जानकारी देते हुए कब्रिस्तान की सुरक्षा की गुहार लगा चुका है उल्लेखनीय बात यह है की घोंघाडीह प्रखंड अंतर्गत मौजा भपटियाही सखुआ कब्रिस्तान में नरहिया के साथ-साथ अगल-बगल के कई गांव के मैयत का कफन दफन किया जाता आ रहा है उस इलाके का एकमात्र यह कब्रिस्तान है वर्ष 1965 में दरभंगा जिला रहने के समय में भी अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्रिस्तान को अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया था उस समय के दरभंगा के एडिशनल कलेक्टर द्वारा स्वयं स्थल जांच कर कब्रिस्तान को मानते हुए अपना जांच रिपोर्ट कब्रिस्तान के पक्ष में दिया गया था जिस जांच रिपोर्ट का प्रतिवेदन भी लगाया गया है ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी मधुबनी से मिलकर कब्रिस्तान की सुरक्षा के लिए गुहार लगाया है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# ठाणे महानगर पालिका के दिवा प्रभाग समिति में जन्म मृत्यु विभाग के अफसर घुस लेते हुए रंगे हाथ पकड़े गए

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**ठाणे।** दिनांक २८/०८/२०२४ को दिवा प्रभाग समिति के जन्म मृत्यु विभाग के अफसर को हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग पार्टी के ठाणे जिल्लाह अध्यक्ष अमीन शेख साहब की शिकायत पर एन्टी करप्शन ब्यूरो ने घुस खोर अफसर को पकड़ने के लिए स्टिंग ऑपरेशन किया और वह पूरी तरह से उसमे सफल रहे। शिकायत कर्ता अमीन शेख साहब का कहना है कि पिछले दो महीनों से किसी न किसी वजह से जन्म प्रमाणपत्र बनने का यह मामला अफसर दुवारा टाला जा रहा था, कभी डाक्यूमेंट्स ठीक न होने के नाम पर, तो कही फॉर्म खत्म हो गए और सर्वर नही चालू होने



का बहाना बना कर। फिर आखिर कर इस अफसर ने अपनी जुबान खोली और एक जन्म प्रमाणपत्र के पीछे हजार रुपये मांगे, किसी तरीके से बात चीत कर के चार सौ रुपये देने की बात पक्की हुई। और स्टिंग ऑपरेशन होने की वजह से इन नोटों पर एक तरह का पाउडर एन्टी करप्शन ब्यूरो दुवारा लगाया था जिससे आरोपी के उंगलियों के निशान उन नोटों पर आगए और उनके उंगलियो पर वह पाउडर लग गया और जन्म मृत्यु विभाग का एक अफसर रंजीत मगदूम और एक क्लर्क निखिल कड़व इस स्टिंग ऑपरेशन में रंगे हाथों पकड़े गए। अब भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम १९८८ दुवारा धारा ७ और धारा १२ के अंतर्गत उन पर कार्यवाही चालू हो गई है। बताया जाता है कि इन दोनों को २ सितंबर तक पुलिस रिमांड में रखा जाएगा।



## उत्तर पश्चिम जिल्हा मुंबई खासदार रवीन्द्र दत्ताराम वायकर जी से एक खास मुलाकात की गई

**मुंबई।** 1 सितंबर 2024 रविवार को एक खास मुलाकात की गई उत्तर पश्चिम जिल्हा मुंबई खासदार व जोगेश्वरी विधानसभा आमदार रवीन्द्र दत्ताराम वायकर जी उनके जनसंपर्क कार्यालय मातोश्री आर्ट्स व स्पोर्ट्स क्लब जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड मुंबई मे शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया उपस्थित रहे मो.शोएब खान व सुखबिंदर सिंह (लाला भाई)।

# न्याय की हुंकार, घाटकोपर में मुंबई न्याय यात्रा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 31 ऑगस्ट 2024 शनिवार न्याय की हुंकार,मुंबई न्याय यात्रा, मुंबई कांग्रेस द्वारा, मुंबई शहर के हर इलाके मे न्याय यात्रा वैसे हि एक न्याय यात्रा शुरू हुई घाटकोपर अमृत नगर से समाप्त हुई श्रेषा सिनेमा एल.बी.एस मार्ग घाटकोपर (पश्चिम) मुंबई ये न्याय यात्रा भ्रष्ट राज्य सरकार, अडानी बिजली की महेंगी, बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ती महगाई, एस आर ए में भ्रष्टाचार, बृहन्मुंबई महानगरपालिका में भ्रष्टाचार, एम



एम आर डी ए मे भ्रष्टाचार, म्हाडा मे भ्रष्टाचार, सडको की हालत दिन बार दिन खराब इन साभी समस्याएं के खिलाफ न्याय यात्रा काफी तादात मे शामिल हुए घाटकोपर और आस पास के इलाके की जनता भी मौजूद रहे साथ ही उत्तर मध्य जिल्हा मुंबई खासदार, धारावी विधानसभा आमदार व कांग्रेस मुंबई अध्यक्ष वर्षा ताई गायकवाड़, भाई जगताप पूर्व आमदार, मो. नसीम खान पूर्व आमदार चांदीवली विधानसभा व मुंबई कांग्रेस कार्यसमिति और साथ ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और मुंबई न्याय यात्रा में शोएब खान, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई) समेत अन्य जनता भी मौजूद रहे।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### एमवीए-महायुति में आंदोलन वार!

छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के बाद एमवीए ने मुंबई में जूते मारो आंदोलन किया तो जवाब में बीजेपी के पदाधिकारियों ने भी राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। इसमें बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर में, मुंबई प्रदेश अध्यक्ष व विधायक आशीष शेलार व प्रसाद लाड ने दादर (मुंबई), रावसाहेब पाटिल दानवे ने लातूर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद नारायण राणे ने सिंधुदुर्ग, मंत्री रवींद्र चव्हाण ने रत्नागिरी, ठाणे में विधायक संजय केलकर और निरंजन डावखरे, कराड में प्रदेश महामंत्री विक्रांत पाटिल, पुणे में युवा मोर्चा अध्यक्ष अनूप मोरे, छत्रपति संभाजी नगर में मंत्री अतुल सावे, प्रदेश महासचिव संजय केनेकर और सांसद भागवत कराड, नासिक में राहुल ढिकले, देवयानी फरांदे और सीमा हीरे, जलगांव में राजू मामा भोले, मंगेश चव्हाण तो वहीं पालघर में सांसद हेमंत सावरा के नेतृत्व में बीजेपी के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर माविआ नेताओं के खिलाफ नारे लगाये और विरोध प्रदर्शन किया। बीजेपी का कहना है कि जब खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस घटना के लिए माफी मांग चुके हैं तो विपक्ष राजनीति क्यों कर रहा है?

### गोमांस ले जाने के संदेह में बुजुर्ग की पिटाई

उसी दौरान लड़ाई सीट को लेकर शुरू हुई और फिर बीफ लेकर यात्रा करने का आरोप लगाकर बुजुर्ग की पिटाई कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ठाणे रेलवे पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक ने शिकायतकर्ता की बेटी के घर जाकर शिकायतकर्ता के समक्ष बयान दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों की पहचान कर ली है, जो धुले के रहने वाले हैं। घटना के संदिग्ध आरोपियों को धुले से हिरासत में लिया गया है। उन्हें ठाणे लाने के लिए एक टीम रवाना कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो की जांच कर आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### राज ठाकरे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

इस मामले में राज को निलंगा की अदालत में कुछ साल पहले भी पेश होना पड़ा था क्योंकि निलंगा अदालत ने उनकी जमानत रद्द कर दी थी। तब वकीलों ने राज के लिए हर तारीख पर निलंगा अदालत में आना संभव नहीं था, ऐसा कहते हुए रियायत की मांग की थी, जिसके बाद अदालत ने उन्हें उस वक्त जमानत दे दी थी। हालांकि, तारीख पर उपस्थित नहीं होने के कारण कोर्ट ने एक बार फिर एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इस मामले में तत्कालीन तालुका प्रमुख और तीन अन्य आरोपी शुक्रवार को अदालत में पेश हुए थे, क्योंकि उनके खिलाफ जारी वारंट की तामील नहीं होने के कारण कोर्ट ने चारों की जमानत रद्द कर दी थी। हालांकि अदालत ने जुर्माना लगाया और फिर नए सिरे से जमानत की अर्जी देने के बाद उन्हें जमानत मिल गई।

# अंतरराज्यीय पत्रकार सम्मेलन भारतीय पत्रकार संघ द्वारा थांदला में संपन्न हुआ कार्यक्रम किया

## पत्रकार के कामों के लिए में सदैव तैयार हूं कैबिनेट मंत्री दीदी सावित्री ठाकुर




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**थांदला (मध्य प्रदेश)** की मुख्य अतिथि कैबिनेट राज्य मंत्री भारत सरकार महिला बाल विकास विभाग दीदी सावित्री ठाकुर, मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, विशेष अतिथि वरिष्ठ पत्रकार संपादक जीतू सोनी संध्या लोक स्वामी, क्रांति चतुर्वेदी दैनिक नवभारत, राष्ट्रीय पत्रकार महिला विंग राष्ट्रीय दीपा जी, कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन ने की प्रदेश और देश से आए करीब 1000 पत्रकारों ने पत्रकार सम्मेलन में वक्ताओं को सुना और समझा बाकानेर से वरिष्ठ पत्रकार सैयद रिजवान अली, अयाज खान, रामनारायण पाटीदार, फारूक नासिर खान, विश्वजीत सेन, सैयद अखलाक अली, जिरबाद निशा खान, मनावर से अनिल जैन, इकबाल मंसुरी, फिरोज खान, राजु देवड़ा, गौतम केवट, फिरोज खान सिंघाना, बँकनाथ कमेटी के भागचंद पाटीदार, मुकेश पाटीदार को उत्कृष्ट और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया। एसएमएस हॉस्पिटल के संचालन बड़ौदा एम, भावसार ने पत्रकारों के इलाज एवम उनके परिवारों के इलाज के लिए 50 छूट और सीजर या नार्मल डिलीवरी में बेटी होने पर सभी सुविधाएं निशुल्क रहेगी। जानकारी शाहनवाज शेख ने दी।

# मुंबई के बाबा बैजनाथ मित्र मंडल की गणेश उत्सव की तैयारी शुरू



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** रविवार सुबह ११ बजे श्री बाबा बैजनाथ मित्र मंडल सार्वजनिक गणेश उत्सव को लेकर मंडप पूजन मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। मौके पर मौजूद रहे मंडल के प्रमुख सहयोगी एडवोकेट श्री जितेन्द्र शर्मा जी, श्री मुन्ना चौधरी जी, श्री सुभाष मिश्रा जी, श्री संजय मिश्रा जी ( पंडित जी) और मंडल के सभी पधाधिकारी। आपको बता दे की इस वर्ष मंडल का १५वा वर्ष हैं जिसको लेकर मंडल मैं काफी उत्सा, जोश और उमंग देखा जा रहा हैं।

## खबर संक्षेप

### सड़क सुरक्षा पर आज से विश्व सम्मेलन

**नई दिल्ली।** भारत चोट की रोकथाम और सुरक्षा को बढ़ावा देने पर दो से चार सितंबर के बीच 15वें विश्व सम्मेलन 'सेफ्टी 2024' की मेजबानी करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य सड़क सुरक्षा और डूबने से बचाव पर ध्यान केंद्रित करना है। सम्मेलन का आयोजन आईआईटी, दिल्ली और एम्स के सहयोग से किया जा रहा है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सह-प्रायोजित है।



### रजक जदयू में गए, झा ने दिलाई सदस्यता

**पटना।** लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव के पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने वाले बिहार के पूर्व मंत्री श्याम रजक ने पूरे 10 दिन बगैर निर्दल रहने के बाद एक सितंबर को जनता दल यूनाइटेड का दामन थाम लिया है। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। यह जदयू में दूसरी पारी है।



### असम के टीएमसी अध्यक्ष बोरा ने छोड़ दी पार्टी

**गुवाहाटी।** असम तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने रविवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य के लोग इसे पश्चिम बंगाल की क्षेत्रीय पार्टी मानते हैं और इसे अपना मानने को तैयार नहीं हैं। बोरा ने महासचिव अभिषेक बेनर्जी को दो पन्नों का पत्र लिखकर इस्तीफा दिया। बोरा ने कहा कि असम टीएमसी में काफी संभावनाएं हैं ।



### गोरेगांव में खंभे से बाइक टकराई, 3 लोगों की मौत

**मुंबई।** मुंबई के गोरेगांव में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। आरे कॉलोनी इलाके में मुंडा चौक के पास एक बाइक खंभे से टकरा गई। बाइक में 3लोग सवार थे। दो की मौके पर ही मौत हो गई



## कोलकाता में लेडी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर का मामला

# सीबीआई भी नहीं सुलझा पाई गुत्थी, 15 दिन की पूछताछ-पॉलीग्राफ के बाद भी हाथ खाली

### मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप से नहीं मिल सका 'सच'

मुंबई हलचल / कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में लेडी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर केस की जांच सीबीआई के पास है और इस केस में अब तक वह संदिग्धों से पूछताछ कर चुकी है।



केस का प्रमुख आरोपी संजय रॉय गिरफ्त में है, लेकिन वह लगातार बयान बदल रहा है। सीबीआई ने जब उससे पूछताछ की तो उसका कहना था कि उसे फंसाया जा रहा है। सीबीआई के लिए सबसे बड़ी चुनौती घोष बनते नजर आ रहे हैं, जिससे पिछले 15 दिन से सीबीआई लगातार पूछताछ कर रही है लेकिन फिर भी सीबीआई के हाथ खाली नजर आ रहे हैं।

अहम कड़ी की तलाश में एजेंसी

### पॉलीग्राफ टेस्ट से भी नहीं मिले सुराग, अलग-अलग तरह की बातें कर रहा



*पूर्व प्रिंसिपल संदीप से सीबीआई लगातार पूछताछ कर रही है। संदीप का सीबीआई ने पॉलीग्राफ टेस्ट भी कराया है, दिक्कत की बात यह है कि कथित तौर पर इस पॉलीग्राफ टेस्ट के बावजूद सीबीआई के हाथ कोई अहम कड़ी नहीं लगी है। संदीप पर आरोप हैं कि उसने लेडी डॉक्टर के माता पिता गलत जानकारी दी, लेकिन उसको लेकर भी वह सीबीआई के सामने अलग-अलग तरह की बातें कर रहे हैं।*

**सीबीआई के लिए चुनौती बना संदीप**

सीबीआई के सामने एक बड़ा सवाल यह भी है कि जब लेडी डॉक्टर के साथ हुए इस जघन्य अपराध का पता चल चुका था, तो फिर यह जानकारी संदीप को आधे घंटे की देरी से कैसे मिली? जांच में सामने आया कि प्रिंसिपल को जानकारी देने से पहले ही अस्पताल की अथॉरिटी ने पीड़िता के मां-बाप का फोन कर दिया था। इसके चलते सवाल यह भी उठ रहा है कि जब संदीफ घोष को आधे घंटे बाद क्राइम की इन्फॉर्मेशन मिली थी तो फिर उस क्राइम सीन यानी सेमिनार हॉल में उनके ही सहयोगी लोग कैसे पहुंच गए थे?

**प्रदर्शन के बीच डॉक्टर कर रहे मरीजों का इलाज**

### 'अभया क्लीनिक' बनाकर कर रहे सेवा



आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेप करने के बाद बर्बरता के साथ ट्रेनी डॉक्टर की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद कोलकाता समेत देश के दूसरे हिस्सों में डॉक्टर हड़ताल पर चले गए थे। कोलकाता में भी लंबे समय तक डॉक्टरों की हड़ताल के चलते बड़ी परेशानी का सामना मरीजों को करना पड़ रहा था। लेकिन, अब एक अच्छी खबर सामने आ रही है। प्रदर्शन के बीच जूनियर डॉक्टरों ने मरीजों के लिए टेलीमेडिसिन सर्विस शुरू की है। डॉक्टरों ने मरीजों को देखने के लिए शहर के अलग-अलग इलाकों में कैंप खोले हैं। यहां मरीजों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है। इन्हीं कैंप्स को डॉक्टरों ने 'अभया क्लीनिक' नाम दिया है।

**मामले पर भड़के उपराष्ट्रपति धनखड़**

### कोलकाता मामले ने सभ्यता को शर्मसार किया, चुप्पी खतरनाक



कोलकाता मामले से पूरे देश में आक्रोश है। अब इस मामले पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोलकाता जैसी घटनाएं पूरी सभ्यता को शर्मसार कर देती हैं। जब मानवता शर्मसार होती है, तो कुछ छिटपुट आवाजें आती हैं। ऐसी आवाजें जो चिंता का कारण बनती हैं। एम्स ऋषिकेश में छात्रों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि कोलकाता वाले मामले को कुछ लोग इसे आम बात बता रहे हैं। धनखड़ ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां हमारे दर्द को और बढ़ाती हैं और हमारी घायल अंतरात्मा पर नमक छिड़कती हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस तरह के शैतानी विचारों के लिए कोई बहाना नहीं हो सकता। मैं ऐसे गुमराह लोगों से आग्रह करता हूं कि वे अपने विचारों पर दोबारा विचार करें और सभी लोगों से माफी मांगे। यह ऐसा मौका नहीं है, जहां आपको राजनीतिक चश्मे से देखना चाहिए। यह राजनीतिक चश्मा खतरनाक है।

## कोलकाता में नहीं थम रहा 'दुराचार'

### अब उत्तर 24 परगना में नाबालिग से छेड़छाड़ लोगों की भीड़ ने घर और दुकान जलाई



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है कि उत्तर 24 परगना में एक नाबालिग ( 9 साल की बच्ची) से छेड़छाड़ की घटना से तनाव बढ़ गया है। हालात इस कदर बिगड़ गए कि गुस्साई भीड़ ने कथित आरोपी के घर और उसके रिश्तेदार की दुकान पर हमला कर दिया। स्थिति को देखते हुए रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती कर दी गई है। वहीं बीरभूम जिले में भी एक अस्पताल में नर्स से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है।

#### आरएएफ तैनात

*उत्तर 24 परगना के राजबाड़ी इलाके में एक व्यक्ति ने बच्ची का यौन उत्पीड़न किया। जैसे ही लोगों को इसके बारे में पता चला तो उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना को लेकर लोगों का गुस्सा उस वक्त भड़क गया, जब कथित तौर पर स्थानीय टीएमसी नेता ने पीड़ित के परिवार से मामले को सेटल करने के लिए कहा। गुस्साए लोगों ने टीएमसी नेता के घर पर हमला कर दिया। इसके बाद आरएएफ ने हालात को नियंत्रण करने के लिए बल का प्रयोग किया। इस दौरान आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए।*

#### पिता बोले- आरोपी गांव का ही निवासी

*पीड़िता के पिता का कहना है कि आरोपी उनके गांव का ही निवासी है। मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता कि वह ऐसा कर सकता है। मेरी बेटी 9साल की है और वह घर से मेरी दुकान पर आई थी। उसी दौरान आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया। मेरी मांग है कि उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।*

#### उधर, बीरभूम जिले में नर्स से छेड़छाड़

*एक अन्य घटना में बीरभूम जिले के इल्लमबाजार इलाके में स्थित एक अस्पताल में नर्स के साथ छेड़छाड़ होने की घटना सामने आई है। नर्स का आरोप है कि रुटीन के तहत जब वह मरीजों की जांच कर रही थी, उसी दौरान एक मरीज ने उसे गलत तरीके से छुआ। जब नर्स ने इसका विरोध किया तो आरोपी मरीज ने नर्स के साथ गालीगलौज की। नर्स की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मरीज को गिरफ्तार कर लिया है।*

## हेमा समिति रिपोर्ट पर ममूटी बोले

### मलयालम सिनेमा में कोई पावर ग्रुप नहीं, ऐसी आलोचनाएं 'निरर्थक'

मुंबई हलचल / तिरुवनंतपुरम

मलयालम फिल्म उद्योग पर हेमा समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद इस पर कुछ दिनों तक चुप्पी बनाए रखने के बाद अब सुपरस्टार ममूटी ने भी इस पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने रविवार को कहा कि मलयालम सिनेमा में कोई पावर ग्रुप नहीं है। हेमा समिति ने अपनी रिपोर्ट में मलयालम फिल्म उद्योग में 15 सदस्यीय पावर ग्रुप का उल्लेख किया है। इससे पहले मलयालम फिल्म उद्योग के एक और सुपरस्टार मोहनलाल ने भी समिति की रिपोर्ट के संबंध में शनिवार को मीडिया से बात कर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी थी, जिसमें उन्होंने रिपोर्ट जारी करने के सरकार के फैसले का स्वागत किया था। सरकार की ओर से रिपोर्ट 19 अगस्त को सार्वजनिक की गई थी। दोनों सुपरस्टारों को रिपोर्ट पर चुप रहने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था।



## मंत्री मांडविया ने कहा-तरीके तलाश रहे

### सरकार गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को जल्द ही सामाजिक सुरक्षा देगी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत सरकार गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गिग वर्कर वे लोग होते हैं जो अस्थायी या घंटेवार काम करते हैं। प्लेटफार्म वर्कर वे गिग वर्कर होते हैं जो ग्राहकों से जुड़ने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म या ऐप का इस्तेमाल करते हैं जैसे, जोमैटो या ब्लिंकिट। मांडविया ने इनके लिए कहा कि हम उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक व्यापक रणनीति बना रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने उन्होंने बताया कि श्रमिकों का पंजीकरण ई-श्रम पोर्टल पर किया जाएगा। बैठक में सचिव तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## चंपई के भाजपा में आने पर बोले केंद्रीय मंत्री शिवराज

### जेएमएम अब केवल पति-पत्नी की पार्टी, वे 'झारखंड के टाइगर'

चौहान ने कहा अब नहीं होगा यहां की जनता का अपमान

मुंबई हलचल / रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले झामुमो को झटका देते हुए पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व सीएम चंपई सोरेन भाजपाई हो चुके हैं। चंपई को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा वे सचमुच में झारखंड के टाइगर हैं।

वे आंदोलन की भट्टी में तपकर निकले ऐसे नेता हैं, जिसने जेएमएम को खड़ा किया। जनता में उनका आदर है। वे झारखंड को बचाने के लिए भाजपा में आए हैं। सीएम रहते हुए उन्हें अपमानित किया गया। जेएमएम अब केवल पति-पत्नि की पार्टी बनकर रह गई है। भाजपा की सरकार बननी तय है।

#### झामुमो को माली की तरह सींचा



शिवराज ने कहा कि चंपई ने झारखंड के निर्माण के लिए बहुत कठिन लड़ाई लड़ी और उनके प्रयासों के कारण ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राज्य बनाया। उन्होंने कहा कि चंपई ने झामुमो को माली की तरह सींचा, लेकिन उनके साथ सौतेला व्यवहार किया गया।

#### झारखंड में बनेगी भाजपा की सरकार

उन्होंने कहा कि भाजपा और चंपई ने यह संकल्प लिया है कि झारखंड और यहां की जनता का अब और अपमान नहीं होने दिया जाएगा। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए चौहान ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए। चुनाव के बाद झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी।

## विधायक के साथ फोटो वायरल?

### आईआईटी बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप के दो आरोपी जेल से बाहर



मुंबई हलचल / वाराणसी

आईआईटी बीएचयू छात्रा से गैंगरेप के दो आरोपी जेल से बाहर आ गए हैं। तीसरे आरोपी की जमानत याचिका पर सितंबर में इलाहाबाद हाई कोर्ट सुनवाई करेगा।

जेल से बाहर आए कुणाल पांडे और अभिषेक चौहान की सोशल मीडिया पर निंदा हो रही है, तो वहीं दोनों की फोटो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है। इस फोटो में वाराणसी कैंट विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी विधायक सौरभ श्रीवास्तव जश्न मनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वायरल फोटो पर विपक्ष बीजेपी को घेरने की कोशिश कर रहा है। वायरल हो रही फोटो में भाजपा विधायक सौरभ अपने हाथों से आरोपी अभिषेक चौहान के चेहरे पर केक लगा रहे हैं। हालांकि वायरल हो रही फोटो पर भाजपा विधायक का कहना है कि तस्वीर करीब पांच साल पुरानी है। उन्होंने कहा कि फोटो कोरोनाकाल की है, क्योंकि उसमें वह मास्क लगाए हुए हैं। एक कार्यक्रम में गए थे। इस दौरान उन्हें केक काटना पड़ा था। तीनों आरोपियों से अब कोई संबंध नहीं है।

## फिर एआई के अलर्ट ने बचा ली जान

### मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई, सोशल मीडिया में वीडियो डाल सुसाइड की कोशिश

मुंबई हलचल / लखनउ

उत्तर प्रदेश का पुलिस विभाग साइबर क्राइम से लेकर तमाम तरह के अपराध और घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहा है। इसी क्रम में तकनीक के माध्यम से लखनऊ पुलिस ने आत्महत्या करने वाली महिला की जान बचा ली है। पुलिस ने मेटा एआई के जरिए महिला की जान बचाने में कामयाबी हासिल की है।

मेटा कंपनी के अलर्ट से निगोहा पुलिस ने 4-5 मिनट में घटनास्थल पर पहुंचकर महिला को आत्महत्या करने से रोक लिया है। साथ ही उसे दोबारा ऐसा कदम न उठाने के लिए काउंसलिंग कर समझाया भी है। दरअसल राजधानी लखनऊ के निगोहा क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या करने का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर डाला था। उस वीडियो में साफ दिख रहा है कि महिला कुर्सी पर गले में दुपट्टे से फंदा लगाए खड़ी है। वीडियो के पोस्ट होते ही लोकेशन के आधार पर मेटा डेटा एआई सक्रिय हो गया और यूपी डीजीपी हेडक्वाटर के सोशल मीडिया सेल को इसका अलर्ट मैसेज भेज दिया। उधर महिला के आत्महत्या करने की जानकारी लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के जरिए निगोहा पुलिस को मिली थी।

हरकत में आई निगोहा पुलिस चंद मिनटों में लोकेशन पर पहुंच गई और महिला को आत्महत्या करने से बचा लिया है।



## ब्रजभूमि का नाम किया रोशन

# यूरोप व यूपी के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए डॉ. विकास चतुर्वेदी को अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व पुरस्कार

मुंबई हलचल / मथुरा

भारतीय चेंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर द्वारा 30 और 31 अगस्त को लखनऊ में 2 दिवसीय खाद्य और कृषि सम्मेलन का आयोजन किया गया। बागवानी, कृषि, किसानों की आय दोगुनी करने, एग्रीटेक स्टार्टअप्स, संयुक्त उपक्रमों और वैश्विक सहयोग पर चर्चा हुई। यूपी के बागवानी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उद्घाटन सत्र में फसलों में मूल्य संवर्धन, किसानों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने और परिवहन में वृद्धि, किसानों की औसत भूमि धारणा में गिरावट जैसी चुनौतियों से निपटने पर बात की।




#### 21 प्रतिष्ठित संस्थानों को पुरस्कार दिए गए

*सम्मेलन के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा 21 प्रतिष्ठित संस्थानों को पुरस्कार दिए गए, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए अमिट योगदान दिया है। मथुरा के डॉ (सीए) विकास चतुर्वेदी, वैल्यूसेंट ग्रुप के सीईओ, को उत्तर प्रदेश के लिए व्यवसाय बढ़ाने और यूरोप और उत्तर प्रदेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व पुरस्कार मिला।*

#### भारत के साथ व्यवसाय बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रहे चतुर्वेदी

*नीदरलैंड में स्थित डॉ. चतुर्वेदी एक वैश्विक व्यवसायी हैं, जो भारत के साथ व्यवसाय बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने भारत में निवेश जुटाने के लिए 8 से अधिक राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम किया है। वे शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सलाहकार हैं और आईसीएआई नीदरलैंड, असोसचम यूरोप और इंडो-डच वित्तीय गलियारे सहित अन्य के संस्थापक अध्यक्ष हैं। डॉ एम जे खान, आईसीएफए के अध्यक्ष, मुकेश सिंह आदि उपस्थित थे।*






# जल संस्थान के 2500 कर्मियों के लिए सरकार कोई रास्ता निकाले : अभिनव थापर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** दिनांक 31.08.24 को देहरादून के नेहरू कालोनी स्थित जल संस्थान मुख्यालय पर 'जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ' का धरना प्रदर्शन 26वे दिन कार्मिक अनशन का 20 वाँ दिन मुख्य महा प्रबंधक जल भवन नेहरू कॉलोनी में जारी रहा। विभाग से अभी तक कई वार्ताएं हुई जो की विफल रही श्रमिक संगठन अपनी एक सूत्रीय माग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेगा। आज धरने के 26 वें दिन उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर ने धरना स्थल पहुंच कर अपना समर्थन दिया और कहा कि उत्तराखंड सरकार सिर्फ युवाओं के साथ रोजगार में धोखा कर रही है, विधानसभा बैकडोर भर्ती में अपने रिश्तेदारों को बिना नियम लगा दिया और 20-25 वर्षों से काम कर रहे 2500 से अधिक कर्मचारियों के लिये नियम बनाने में दिक्कत हो रही है। राज्य सरकार को इन कर्मचारियों के शोषण को बंद कर, सरकार पर कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा अतः इन कर्मचारियों के लिए कोई रास्ता निकालना चाहिए। पार्षद अमित भंडारी ने कहा कि जल संस्थान कर्मचारियों की मांगों को सरकार को मानना चाहिए व इनको सरकारी स्वीकृत मानदेय मिलना चाहिए। आज धरना प्रदर्शन में बहुत संख्या में उत्तराखंड की विभिन्न जिलों से भारी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। धरने में कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर के साथ पार्षद अमित भंडारी, संघ के अध्यक्ष संजय कुमार, महामंत्री मंगलेश लखेड़ा, बलबीर पायल, प्रवीण बोहरा, चंद्रमोहन खत्री, आशीष द्विवेदी, सुरजीत डोबरियाल, आदि उपस्थित रहे।

## पीवीआर आईनॉक्स की घाटे से 70 स्क्रीन बंद करने की योजना

# पहली छमाही में भारत का 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष, 75 के साथ घाटा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत का इस साल की पहली छमाही यानी जनवरी-जून 2024 के दौरान अमेरिका और नीदरलैंड सहित 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष में था। दूसरी ओर देश को चीन और रूस सहित 75 देशों के साथ व्यापार घाटा का सामना करना पड़ा।

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह जानकारी दी और कहा कि भारत को कच्चे तेल और कोयले के आयात से होने वाले व्यापार घाटे के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। जीटीआरआई ने साथ ही कहा कि देश को औद्योगिक वस्तुओं के आयात को कम करने पर ध्यान देना चाहिए।

***भारत की आर्थिक संप्रभुता को खतरा पहुंच सकता है :** यह खासकर चीन जैसे देशों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भारत की आर्थिक संप्रभुता को खतरा पहुंच सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'जनवरी से जून 2024 के बीच, भारत का 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष था, जो इसके निर्यात का 55.8 प्रतिशत और आयात का 16.5 प्रतिशत था।'*



- शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट
- अमेरिका, नीदरलैंड जैसे देशों के साथ व्यापार अधिशेष में था
- चीन और रूस सहित 75 देशों के साथ व्यापार घाटा का सामना करना पड़ा
- भारत को कच्चे तेल और कोयले के आयात से होने वाले घाटे से चिंता बढ़ी

### सराफा पर शुल्क घटाकर छह प्रतिशत

इस स्थिति से विशिष्ट आयातों पर निर्भरता को कम करने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की जरूरत पता चलती है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत जिन देशों से मुख्य रूप से सोना, चांदी और हीरा का आयात करता है, उन्हें लेकर भी सजग रहना चाहिए, क्योंकि बजट में इन पर शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया गया है।

### मुंबई, पूणे और वडोदरा में होंगी स्क्रीन बंद

सिनेमाघर चलाने वाली पीवीआर आईनॉक्स ने वित्त वर्ष 2024-25 में 70 घाटे में चल रहे स्क्रीन को बंद करने की योजना बनाई है। अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कंपनी ने मुंबई, पुणे और वडोदरा जैसे प्रमुख स्थानों में गैर-प्रमुख रियल एस्टेट परिसंपत्तियों के मौद्रिकरण यानी बाजार पर चढ़ाने के लिए भी कदम उठाएगी।

### 2024-25 में 120 नई स्क्रीन जोड़ेगी

कंपनी साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 में 120 नयी स्क्रीन जोड़ेगी। वह ऐसे मौके तलाश रही है, जहां वृद्धि की अच्छी संभावनाएं हैं। लगभग 40 प्रतिशत नयी स्क्रीन दक्षिण भारत में खोली जाएंगी। कंपनी अपनी मध्यम से दीर्घकालिक रणनीति के अनुसार इस क्षेत्र पर खासतौर से ध्यान दे रही है।

### ऋण मुक्त कंपनी बनने का लक्ष्य

पीवीआर आईनॉक्स चालू वित वर्ष में नयी स्क्रीन पर अपने पूंजीगत व्यय को 25 से 30 प्रतिशत तक कम करने के लिए अपनी वृद्धि रणनीति को फिर से तय कर रही है। कंपनी अपने स्वामित्व वाली अचल परिसंपत्तियों के मौद्रिकरण की संभावनाएं भी तलाश रही है और उसने निकट भविष्य में शुद्ध ऋण मुक्त कंपनी बनने का लक्ष्य रखा है।

### मौद्रिकरण की संभावनाएं तलाश रही पीवीआर

पीवीआर आईनॉक्स के प्रबंध निदेशक अजय कुमार बिजली और कार्यकारी निदेशक संजीव कुमार ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी मुंबई, पुणे और वडोदरा जैसे प्रमुख स्थानों में गैर-मुख्य अचल परिसंपत्तियों के मौद्रिकरण की संभावनाएं तलाश रही है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# किडनी को रखना है स्वस्थ तो करें इन जड़ी-बूटियों का सेवन

भागदौड़ भरी जिंदगी में गलत खान-पान के कारण किडनी से संबंधित समस्याएं बढ़ती जा रही है। किडनी शरीर का खास हिस्सा है जो शरीर से विषैले पदार्थ को बाहर निकालने में मदद करती है और शरीर को रोगों से बचाती है। इसलिए स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। अगर आप चाहते हैं आपकी किडनी सही तरीके से काम करें तो दिन में अधिक से अधिक पानी पीएं और कुछ जड़ी बूटियों की भी मदद ले सकते हैं। इन जड़ी बूटियों से किडनी स्टोन, किडनी कैंसर और किडनी से संबंधित अन्य समस्याओं से बचा जा सकता है। आज हम आपको ऐसी जड़ी बूटियों को बारे में बताएंगे, जिसे इस्तेमाल करके आप अपनी किडनी को स्वस्थ रख सकते हैं।

**1. अजमोद हर्ब**
इसमें लूटेओलिन एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जो शरीर से विषैले पदार्थ फ्री रेडिकल्स को बाहर निकाल कर किड़नी को स्वस्थ रखने में मदद करता है। अजमोद में विटामिन ए और सी भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।

**2. धतूरे की जड़**
किडनी को मजबूत करने में धतूरे की जड़ काफी मददगार है। यह रक्त शुद्धिकरण करने में भी मदद करती है। इसके सेवन से शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले एसिड और विषैले पदार्थ बाहर निकलते हैं। यह पिट्यूटरी ग्रंथि से प्रोटीन को बाहर निकाल कर हार्मोन में संतुलन बनाएं रखता है।



**3. अमरबेल हर्ब**
अमरबेल पौधे के पीले फूल रक्त की शुद्धिकरण में मदद करते हैं। यह किडनी के अलावा लीवर को भी स्वस्थ रखता है।

**4. करौंदा जड़ी बूटी**
यह बहुत फायदे की जड़ी बूटी है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट किडनी से यूरिक एसिड को बाहर निकालने में मदद करता है। इसमें यूरिया निकालने की क्षमता होती है।

**5. सिंहपर्णी की जड़**
यह लीवर और किडनी से विषैले पदार्थों को बाहर निकाल कर उनकी कार्य करने की क्षमता को बढ़ाती है। यह भी रक्त शुद्धिकरण में मदद करता है।

**6. मंजिष्ठा हर्ब**
इसे आयुर्वेद में बहुत अच्छा माना गया है। यह किडनी के अलावा रक्त से भी विषैले पदार्थों को बाहर निकाल कर शुद्ध करता है।

**7. गोल्डनरॉड (Goldenrod)**
गोल्डनरॉड के सेवन से किडनी में मौजूद विषैले पदार्थ बाहर निकलते है और यह किडनी को मजबूत रखने में मदद करता है।

**8. गुडूची(Guduchi)**
किडनी को स्वस्थ रखने में यह बहुत कारगार उपाय है। गुडूची रक्त में होने वाले विषैले पदार्थों को बाहर निकालता है इसलिए इसका सेवन धूम्रपान और शराब पीने वाले लोगों के लिए काफी फायदेमंद होता है।

# पार्लर से नहीं, घर पर इन 5 आसान स्टेप से करें बॉडी पॉलिशिंग



खूबसूरती के लिए लड़कियां कई ब्यूटी ट्रीटमेंट लेती है, जिसमें से एक है बॉडी पॉलिशिंग। बॉडी पॉलिशिंग आपके पूरे शरीर की खूबसूरती बढ़ाने का सबसे लाजवाब तरीका है। इससे बॉडी पर न सिर्फ ग्लो आता है बल्कि इससे पूरे शरीर की स्किन सॉफ्ट और स्मूद भी हो जाती है। लड़कियां पार्लर में जाकर बॉडी पॉलिशिंग पर पैसे खर्चती हैं लेकिन आप घर पर भी आसान स्टेप से बॉडी पॉलिशिंग कर सकते हैं। इससे आपके पैसे भी बच जाएंगे और कोई नुकसान भी नहीं होगा।

**क्या होती है बॉडी पॉलिशिंग**
बॉडी पॉलिशिंग एक ऐसा ट्रीटमेंट है, जिससे पूरे शरीर को एक्सफोलिएट और मॉइश्चराइज्ड किया जाता है। इससे आपको सन डैमेज और डिहाईड्रेट स्किन से राहत मिलती है। इसके अलावा नियमित रूप से हर महीने 1 बार बॉडी पॉलिशिंग करने से डेड सेल्स निकल जाते हैं और शरीर में नए सेल्स बनते हैं। इसे कराने से शरीर में ऑक्सीजन स्पलाई भी अच्छी तरह होती है।

**बॉडी पॉलिशिंग के लिए जरूर सामान**
**स्क्रब**
**प्यूमिस स्टोन**
**जैतून का तेल**

**इस तरह करें बॉडी पॉलिशिंग**

**स्टेप-1**
बॉडी पॉलिशिंग करने के लिए सबसे पहले एक तौलिए को गर्म पानी में भिगोएं और इससे पूरे शरीर को साफ करें। आप चाहें तो शरीर को साफ करने के लिए गुनगुने पानी से शॉवर भी ले सकती हैं।

**स्टेप-2**
शरीर को साफ करने के बाद जैतून के तेल को गुनगुना कर लें। इसके बाद इससे चेहरे और शरीर पर मसाज करके 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद शरीर को साफ कर लें।

**स्टेप-3**
तेल साफ करने के बाद पूरे शरीर पर स्क्रब लगाएं। इसके लिए आप घर में चीनी और शहद को मिलाकर भी स्क्रब बना सकती हैं। आप चाहें तो अपनी स्किन टाइप के हिसाब से मार्केट में मिलने वाले स्क्रब का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

**स्टेप-4**
इसके बाद प्यूमिस स्टोन की मदद से कोहनी, घुटने, एड़ियों और शरीर के सख्त हिस्से को साफ करें। शरीर के बाकी हिस्सों को चेहरे को हाथ से रगड़ कर साफ कर लें।

**स्टेप-5**
5-10 मिनट बाद गुनगुने पानी से शॉवर ले लें। शॉवर लेने के बाद मॉइश्चराइजिंग क्रीम लगाएं। बॉडी पॉलिशिंग करने के करीब 2-3 दिन तक नहाते समय साबुन का इस्तेमाल न करें।

# बच्चों में शुरू से डालें ये 5 आदतें, कभी नहीं होगी दिल की बीमारी

दुनियाभर में दिल के रोगों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हर साल करोड़ों लोग हृदय रोगों के कारण अपनी जान गंवाते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण बचपन से ही खान-पान की गलत आदत और कम शारीरिक मेहनत है। इसी कारण बच्चों में भी हार्ट के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अगर बच्चों में बचपन से ही कुछ आदतें डाली जाएं, तो उनमें दिल की बीमारियों की आशंका कम होती है और वो एक स्वस्थ और लंबा जीवन जी सतके हैं।

**पढ़ाई के साथ खेल और एक्सरसाइज**
आजकल माता-पिता बच्चों को हर समय पढ़ने की नसीहत देते हैं। मनोवैज्ञानिक आधार पर देखें तो बच्चे एक दिन में 8-10 घंटे से ज्यादा पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। इसमें स्कूल में पढ़ाई का समय भी शामिल है। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों की फिजिकल फिटनेस भी जरूरी है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को आउटडोर गेम्स के लिए प्रेरित करें और रोज कम से कम आधा घंटा एक्सरसाइज करवाएं। बच्चों को एक्सरसाइज करवाने के लिए आप भी एक्सरसाइज करें। इससे आप भी फिट रहेंगे। रोजाना आधा घंटा एक्सरसाइज करके आप दिल की बीमारियों की आशंका को 60 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं।

**हेल्दी डाइट की आदत डालें**
दिल को स्वस्थ रखने का सबसे आसान तरीका है स्वस्थ और पौष्टिक आहार खाना। इसके लिए बच्चों को बचपन से ही कम शुगर और कम नमक खाने की आदत डालवाएं। इसके अलावा अनहेल्दी फैट युक्त आहार, हाई कैलोरी फास्ट फूड्स और जंक फूड्स बहुत कम खाने दें। किसी स्पेशल मौके पर कुछ फास्ट फूड्स खाए जा सकते हैं मगर उन्हें



भी आप स्मार्टली हेल्दी तरीके से बना सकती हैं। फल और सब्जियां खूब खिलाएं। रोजाना सुबह चार बादाम और एक ग्लास दूध आपके लाडले को दिन भर एनर्जी और पोषण भी देंगे और इससे बच्चों की मेमोरी पावर भी अच्छी हो जाएगी। दिल के लिए सबसे घातक होता है कोलेस्ट्रॉल, नमक और चीनी इसलिए खाने में इन तीनों का संतुलन जरूरी है।

**वजन न बढ़ने दें**
बच्चों में आजकल मोटापे की समस्या बहुत ज्यादा हो रही है। मोटापे की वजह से कई तरह के गंभीर रोगों की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को मोटापे से दूर रखें। अगर बच्चे रेगुलर एक्सरसाइज करेंगे और हेल्दी डाइट लेंगे, तो उनका वजन कंट्रोल रहेगा और बॉडी फिट रहेगी। इससे उनका विकास यानि शरीर की लंबाई, चौड़ाई और मजबूती भी अच्छी रहेगी। वजन कंट्रोल करने में नियम का पालन बहुत जरूरी है। पूरे परिवार के खाने का समय और सोने का समय तय कर दीजिए। अनियमित जीवन के कारण कई बार हेल्दी चीजें खाने के बावजूद आप बीमार पड़ सकते हैं।

**ब्लड प्रेशर पर नजर रखें**
स्वस्थ जीवन के लिए ब्लड प्रेशर का सही होना बहुत महत्वपूर्ण है। दिल की बीमारियों की मुख्य वजह भी ब्लड प्रेशर ही होता है। ब्लड प्रेशर पर नजर रखने के लिए इसे रेगुलर बेसिस पर चेक करते रहना जरूरी है। ब्लड प्रेशर बताता है कि आपके दिल को आपके शरीर के लिए ब्लड पंप करने में कोई परेशानी तो नहीं हो रही है।

## एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स दबाएं और हर बीमारी का समाधान पाएं

पैरों के एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स : शरीर में कई ऐसे प्रेशर प्वाइंट्स होते हैं, जिनका कनेक्शन शरीर के दूसरे भागों से होता है। हाथों-पैरों के इन प्वाइंट्स को दबाकर रोगों का इलाज किया जा सकता है। पैरों के इन प्वाइंट्स को रोज 10 या 15 मिनट तक दबाकर कई बीमारियों से राहत पाई जा सकती है। पैरों के इन एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स को अच्छी तरह और सही तरीके से दबाकर आप मांसपेशियों की ऐंठन या जकड़न, ब्लोटिंग, अपच, भूख से संबंधित समस्या को दूर कर सकते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि पैरों के नीचे मौजूद किन एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स को दबाकर आप बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सारा के हाथ लगा एक और बड़ा प्रोजेक्ट


**सारा अली खान** सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग भी है जो उनसे जुड़ी हर अपडेट को जानने के लिए बेकरार रहती है। इसी बीच सारा अली खान के फैंस के लिए बड़ी गुड न्यूज सामने आई है। खबर है कि 'गैसलाइट' की रिलीज से पहले ही सारा अली खान के हाथ एक और बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल के डायरेक्टर शरण शर्मा की अगली फिल्म के लिए सारा अली खान को साइन कर लिया गया है। गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल में सारा की खास दोस्त और एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर लीड रोल में नजर आई थीं। इस फिल्म ने जाह्नवी के एक्टिंग करियर को नई उड़ान दी थी। जाह्नवी के अलावा फिल्म में पंकज त्रिपाठी और अंगद बेदी अहम रोल में थे। दरअसल, शरण शर्मा की इस अपकमिंग फिल्म की स्क्रिप्ट को काफी अलग और हटकर बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, फिल्म के डायरेक्टर शरण का कहना है कि उनकी नई फिल्म की कहानी थोड़ी यूनिक है जिसके लिए उन्हें लगता है कि सारा अली खान परफेक्ट रहेंगी। हालांकि अभी तक सारा को कास्ट करने को लेकर कोई ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है। मगर कहा जा रहा है कि मूवी से जुड़ी कुछ फॉर्मेलिटीज को पूरा करने के बाद जल्द ही फिल्म को फ्लोर पर उतारा जाएगा। फिल्म का टाइटल क्या रखा जाएगा। इसे लेकर भी कोई खबर सामने नहीं आई है। सारा अली खान की फिल्म गैसलाइट की बात करें तो ये एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित कहानी है जिसमें एक्ट्रेस अपाहिज लड़की का रोल अदा कर रही हैं।





# अंकिता लोखंडे- विक्की जैन के घर आई खुशखबरी

**टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे** और विक्की जैन इंडस्ट्री के फेमस कपल हैं। टीवी इंडस्ट्री में कपल आए दिन सुर्खियों की हिस्सा बने रहते हैं। अंकिता और विक्की के शादी को तीन साल पूरे हो चुके हैं लेकिन कपल ने अभी तक कोई भी गुड न्यूज नहीं दी है। इसी बीच कपल के घर में एक नन्हा मेहमान आया है जिसका स्वागत बड़े ही धूम-धाम से किया गया है। अंकिता और विक्की ने नन्हे मेहमान की पहली झलक सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर अपने फैंस को दिखाई है। अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने अपने घर में प्यारी सी बिल्ली का स्वागत किया है। कपल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर नन्हें मेहमान के बारे में जानकारी दी है। इस वीडियो को शेयर करते हुए कपल ने लिखा ह लम्बा चौड़ा नोट लिखा है। अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने बिल्ली का नाम म्याऊ लोखंडे जैन रखा है। वीडियो में कपल नन्हे मेहमान के घर आने से काफी खुश नजर आ रहे हैं। अंकिता लोखंडे ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ह्लपरिवार में आपका स्वागत है, हमारी छोटी राजकुमारी म्यू लोखंडे जैन। आप हमारे परिवार में सबसे नई सदस्य हैं। मम्मी और पापा पहले ही आपसे बेहद प्यार करते हैं। आपके प्यार ने हमारा दिल चुरा लिया है!



# कार्तिक बनेंगे दूल्हा

कार्तिक आर्यन के फैंस के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है जिसे खुद एक्टर ने अपने चाहने वालों के साथ शेयर किया है। इस खबर को सुनकर एक्टर की फीमेल फैंस का दिल जरूर टूटने वाला है लेकिन कुछ फैंस की खुशी का ठिकाना भी नहीं रहने वाला है। आइए जानते हैं कि कार्तिक आर्यन ने आखिर क्या ऐलान किया है। दरअसल, फ्रेडी एक्टर ने जी सिने अवॉर्ड फंक्शन के दौरान अपने फैंस के लिए अपनी शादी से जुड़ी न्यूज शेयर की है। कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कार्तिक जी सिने अवॉर्ड के मंच पर ढोल नगाड़ों के साथ एंट्री करते हैं। इसके बाद वो कहते हैं, हंसते-हंसते, सबको नमस्ते। आप सब सोच रहे होंगे मैं यहां बैंड बाजा लेकर क्यों आया हूं। अब देखिए ना बॉलीवुड में एक बाद एक सबके बैंड बज रहे हैं, सारे घोड़ी चढ़ रहे हैं, सबके विकेट गिट रहे हैं। लेकिन एक विकेट अब तक नहीं गिरा। फिर वो आगे कहते हैं कि ऐलिजिबल सिंगल क्लब में आखिर रह कौन गया। मैं, लेकिन अब मौसम बदल रहा है ये सख्त लौंडा भी पिघल रहा है। मैंने भी सोचा शादी का लड्डू खाकर देख ही लेता लूं। प्यार का पंचनामा तो कर लिया, अब शादी का पंचनामा भी कर लेता हूं। इसलिए सबके सामने इस मंच को साक्षी मानकर आज मैं अपने सारे फैंस और इंडस्ट्री को ये न्यूज देना चाहता हूं कि मैं शादी करने जा रहा हूं।